# दिल्ली विश्वविद्यालय

# प्रवेश सूचना विवरणिका

## स्नातक पाठ्यक्रम(2025-2026)

## नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड

ट्यूटोरियल बिल्डिंग,कला संकाय
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-110007

वेबसाइट: www.ncweb.du.ac.in

# कुलगीत
# दिल्ली विश्वविद्यालय

जयति जय जय-जयति जय जय
ज्ञान का आलोक अनुपम
श्रेष्ठ सुन्दर दिव्य दिल्ली
विश्व विद्यालय विहंगम

सकल वसुधा निज कुटुंब की
भावना संस्कृति सनातन
आधुनिक शिक्षा पुरातन
ज्ञान धाराओं का संगम
देश की स्वाधीनता हित
भूमिका शत कोटि वंदन
निष्ठा धृति सत्यम के मंगल
दिव्य भावों का समागम
जयति जय जय-जयति जय जय
ज्ञान का आलोक अनुपम

भव्य महाविद्यालयों के
परिसरों से चिर सुशोभित
श्रेष्ठ गुरुजन कर रहे नित
छात्र और छात्राएँ दीक्षित
सद्चरित्राचार पावन
साधना संकल्प संयम
नवल वैश्विक चेतना
नव क्रान्ति संस्कारों का उद्गम
जयति जय जय-जयति जय जय
ज्ञान का आलोक अनुपम
श्रेष्ठ सुन्दर दिव्य दिल्ली
विश्वविद्यालय विहंगम

रचनाकार
गजेन्द्र सोलंकी
अंतरराष्ट्रीय कवि, गीतकार

# प्राक्कथन

***जब एक महिला बाहरी वस्तुओं की उपेक्षा कर, ज्ञान की शक्ति के माध्यम से अपने भीतर दूरदर्शी और जीवंत दृष्टिकोण विकसित करती है, तब वह पृथ्वी और आकाश को समृद्धि प्रदान करने वाली बन जाती है।***

***- अथर्ववेद,14.1.6***

नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी) सन् 1944 से शिक्षा के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरन्तर अपना योगदान देता आ रहा है। स्थापना के समय, यह विचार था कि बिना नियमित कक्षाओं का हिस्सा बने, विशेष शिक्षण के द्वारा, अकादमिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्राओं को एक मंच प्रदान किया जाए। बाद के वर्षों में, इसने एक ऐसी संस्था का स्वरूप लिया, जो उन लड़कियों को शिक्षित करने की आवश्यकताओं को पूरा करती थी, जो महाविद्यालयों में नियमित कक्षाओं में भाग लेने हेतु सुविधाजनक स्थिति में नहीं थीं। एनसीडब्ल्यूईबी शिक्षा के माध्यम से; समाज में सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहित और परिवर्तित करने की क्षमता रखने वालों के सृजन का अद्वितीय स्वभाव प्रस्तुत करता है। एनसीडब्ल्यूईबी दिल्ली विश्वविद्यालय का एक महत्तवपूर्ण घटक है।

एनसीडब्ल्यूईबी संस्था की अपनी एक व्यवस्था है; जिस में शनिवार/ रविवार और शैक्षणिक अवकाश के दौरान स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के घटक कॉलेजों में चलाए जा रहे 26 केंद्रों में आयोजित होने वाली कक्षाओं में छात्राएँ शामिल होती हैं। सभी केंद्र कॉलेजों के मौजूदा संसाधनों और बुनियादी ढाँचे के उपयोग के अलावा पुस्तकालय और अन्य सुविधाएँ प्रदान करते हैं। स्नातकोत्तर केंद्र के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय भवन में स्थित एक पुस्तकालय है। बोर्ड जरूरतमंद और इच्छुक छात्राओं को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ पुस्तकें भी उपलब्ध करवाता है। वर्तमान में, इस संस्था में लगभग 33,000 छात्राएँ अध्ययनरत हैं।

इस संस्था में अध्ययनरत छात्राएँ न केवल अपने पैरों पर खड़ी हैं, बल्कि अपने परिवारों के लिए आधार स्तंभ भी बनी हुई हैं। यह संस्था समाज के निर्माण में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाने वालों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बना कर राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित है।

***प्रो. गीता भट्ट***

निदेशक, एनसीडब्ल्यूईबी

# ध्यानपूर्वक पढ़ने हेतु

नॉन कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड, दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश के इच्छुक योग्य आवेदक, इस प्रवेश विवरणिका को ध्यान से पढ़ें।

इस विवरणिका के जारी होने के बाद होने वाले सभी परिवर्तन उसी तारीख से प्रभावी होंगे, जिस तारीख से एनसीडब्ल्यूईबी वेबसाइट पर लगाया गया है।

बोर्ड बिना किसी पूर्व सूचना के इस विवरणिका के किसी भी हिस्से को पुनर्व्यवस्थित, संशोधित, अद्यतन करने या हटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसे किसी भी परिवर्तन को बोर्ड की वेबसाइट पर अद्यतन किया जाएगा।

एनसीडब्ल्यूईबी में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण; दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से होगा। सभी उम्मीदवारों को स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य है। सभी उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन प्रवेश लिंक के माध्यम से पंजीकरण और आवेदन करना अनिवार्य है। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक अलग प्रवेश फॉर्म प्रदान किया जाता है।
न्यूनतम पात्रता मानदंड के साथ ही स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य नियम और शर्तें एनसीडब्ल्यूईबी प्रवेश के लिए भी लागू होती हैं।
केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में रहने वाली, महिला उम्मीदवार ही दिल्ली विश्वविद्यालय के एनसीडब्ल्यूईबी के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र होंगी। **प्रवेश के समय उम्मीदवार के नाम से बनवाए गये एक निवास-प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।** यह एक वैध **आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड** (उम्मीदवार के नाम के साथ) हो सकता है।

किसी भी परिस्थिति में आवेदक के नाम के साथ दिनांक 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी किया हुआ ओ. बी.सी./ई.डब्लू.सी. प्रमाण-पत्र ही मान्य ही होगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने निवास स्थान के नजदीक स्थित केंद्र में प्रवेश लें। **एक बार एनसीडब्ल्यूईबी केन्द्र में प्रवेश ले लेने के बाद, केन्द्र परिवर्तन या किसी अन्य एनसीडब्ल्यूईबी केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

बोर्ड द्वारा पुष्टि किए जाने से पहले तक सभी प्रवेश अनंतिम हैं। इसके अलावा, प्रवेश के समय, उम्मीदवारों को एक शपथ-पत्र देना होगा कि ऐंटी रैगिंग में संलिप्त नहीं होंगे और वे प्रत्येक सत्र में न्यूनतम 67% उपस्थिति बनाए रखेंगे।
विश्वविद्यालय / केंद्र / संबंधित कार्यालयों द्वारा तय की गयी समय सीमा में बदलाव का कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रवेश प्रक्रिया के पूरा होने के बाद प्रत्येक एनसीडब्ल्यूईबी केंद्र की छात्राओं के मार्गदर्शन लिए एक कार्यक्रम (Orientation) आयोजित किया जाएगा।

**बी.ए. (प्रोग्राम)/बी.कॉम पाठ्यक्रम के प्रवेश शुल्क में परिवर्तन/संशोधन करने का पूर्ण अधिकार दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन है।**

पंजीकरण हेतु प्रस्तुत
https://ncwebadmission.uod.ac.in
लिंक का प्रयोग करें

# अस्वीकरण

- इस विवरणिका में जहाँ तक संभव हो सका है, नियमों, अधिनियमों और अन्य प्रासंगिक जानकारी के प्रामाणिक आधिकारिक संस्करण की पुनर्प्रस्तुति में अत्यंत सावधानी बरती गयी है। हालाँकि, किसी भी मामले में, व्यक्त या इसके निहित को, जो अब तक उपलब्ध संदर्भ के रूप में प्रदान की गई है; जानकारी की पूर्णता और सटीकता के बारे में किसी वारंटी के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

- एनसीडब्ल्यूईबी दिल्ली विश्वविद्यालय विवरणिका में दी गयी सूचना के आधार पर की गई किसी कार्यवाही से हुए किसी भी नुकसान या क्षति के लिए किसी भी व्यक्ति के प्रति अपने किसी भी दायित्व से इंकार करता है। कोई त्रुटि, यदि विवरणिका में पायी जाती है, तो वह अनजाने में हुई चूक, लिपिकीय गलतियों या किसी अन्य कारण से हो सकती है। विश्वविद्यालय इन्हें संशोधित और अद्यतन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# चेतावनी

- **निर्धारित तिथि और समय के भीतर वांछनीय दस्तावेजों को जमा नहीं करा पाने और/या निर्धारित तिथि और समय पर शुल्क का भुगतान नहीं करने सहित प्रवेश के लिए किसी भी अन्य आवश्यकता को पूरा न करने के मामले में, उम्मीदवार अपने प्रवेश के अधिकार से वंचित हो जाएँगे।**

- **पंजीकरण शुल्क - सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस के लिए 250 रुपये। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी के लिए 100 रूपये।**

- **नामांकन देय शुल्क राशि की वापसी नहीं होगी।**

- **यदि किसी भी चरण में किसी उम्मीदवार के प्रवेश से संबंधित मूल दस्तावेज जाली/अवास्तविक या गलत तरीके से तैयार किये गये या किसी भी रूप मे दोषयुक्त पाए जाते हैं, तो उक्त उम्मीदवार को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और यदि उसका प्रवेश पहले ही हो चुका हो तो इस सम्बंध में बिना कोई पूर्व सूचना दिये उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। यदि पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद ऐसा पाया जाता है, तो उसकी डिग्री रद्द कर दी जाएगी और उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**

- **ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र भरने से पहले, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश विवरणिका की सामग्री को ध्यान से पढ़ें और दिल्ली विश्वविद्यालय अधिनियम, 1922 और विधान भी देखें। दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यादेश, नियम और विनियम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.admission.uod.ac.in पर उपलब्ध हैं, जो उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे।**

# संपर्क विवरण

| एनसीडब्ल्यूईबी कार्यालय | | |
|---|---|---|
| निदेशक | प्रो. गीता भट्ट | 27667640 |
| उप-निदेशक | डॉ. सुरेंदर कुमार | 27667640 |
| अनुभाग अधिकारी | श्री. स्वामी नाथ | 27667640 |
| **स्नातक अध्ययन केंद्र** | | |
| **अध्ययन केंद्र** | **प्रभारी शिक्षक** | **दूरभाष संपर्क (कार्यालय)** |
| अदिति महाविद्यालय | डॉ. सुषमा | 27751317 |
| आर्यभट्ट कॉलेज | डॉ. कृष्ण मुरारी | 24110490 |
| भगिनी निवेदिता कॉलेज | डॉ. नगेंद्र | 28017485 |
| भारती कॉलेज | डॉ माधुरी शर्मा | 43273030 |
| कॉलेज ऑफ़ वोकेशनल स्टडीज | डॉ. अनुराग अग्निहोत्री | 29258544 |
| दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज | डॉ. सुनील कुमार | 25099380 |
| डॉ.बी.आर.अम्बेडकर कॉलेज | डॉ. धनंजय कुमार | 22814126 |
| हंसराज कॉलेज | डॉ. रीतिका गरोवर | 27667747 |
| जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज | डॉ. सुदन्य एन कुलकर्णी | 25737754 |
| देशबंधु कॉलेज | प्रो. अजय प्रताप सिंह गहलोत | 26439565 |
| कालिंदी कॉलेज | डॉ. सुधा पांडे | 25787604 |
| केशव महाविद्यालय | डॉ. विनीता जिंदल | 27018805 |
| लक्ष्मीबाई कॉलेज | डॉ. मुकेश कुमार महतो | 27308598 |
| महाराजा अग्रसेन कॉलेज | डॉ. पुनीता अग्रवाल | 22714333 |

## संपर्क विवरण

| अध्ययन केंद्र | प्रभारी शिक्षक | दूरभाष संपर्क (कार्यालय) |
|---|---|---|
| मैत्रेयी कॉलेज | श्री कमल शर्मा | 24673815 |
| माता सुन्दरी कॉलेज फॉर वूमेन | डॉ. ललिता मीना | 35386172 |
| मिरांडा हाउस | डॉ. सोनाली चितालकर | 27666201 |
| मोती लाल नेहरू कॉलेज | डॉ. मेनका सिंह | 24112604 |
| पी.जी.डी.ए. वी कॉलेज | श्रीमती श्रुति रंजना मिश्रा | 26312092 |
| राजधानी कॉलेज | सुश्री मोहिनी अग्रवाल | 25930752 |
| रामानुजन कॉलेज | डॉ. कंवलजीत सिंह | 26430192 |
| सत्यवती कॉलेज (सांध्य) | डॉ. निहारिका शर्मा | 27213402 |
| श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज | डॉ. अनुराग सिंह | 25224499 |
| श्री अरबिंदो कॉलेज | डॉ. अनीता कुमारी | 26692986 |
| श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स | डॉ. नवदीप कौर | 27321855 |
| विवेकानंद कॉलेज | डॉ. कामिनी तनेजा | 22150100 |

**प्रवेश सूचना एवं शिकायतों के संदर्भ में प्रत्येक कॉलेज केंद्र से संपर्क करने के लिए ईमेल और फोन नंबर को बोर्ड की वेबसाइट पर केंद्रों की पहली कटऑफ सूची से पहले जारी किया जाएगा।**

**प्रवेश के संबंध में किसी भी जानकारी/सूचना के लिए इस ईमेल- helpdesknncweb@gmail.com या दूरभाष नम्बर- 27667640 पर संपर्क करें।**

# अनुक्रमणिका


1. महत्वपूर्ण समय सीमाएँ 9
2. आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची 10
3. एनसीडब्ल्यूईबी में प्रवेश के लिए उपलब्ध पाठ्यक्रम 12
4. स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड 13
5. एनसीडब्ल्यूईबी शिक्षण केंद्रों के पाठ्यक्रम सीटों की संख्या और विषयों का संयोजन 15
6. शुल्क संरचना 20
   6.1 शुल्क वापसी 20
7. छात्राओं के लिए दिशा निर्देश 21
8. उपस्थिति 22
9. आर्थिक सहायता / छात्राओं को किताबें उपलब्ध करवाने की सुविधा 22
10. डीटीसी बस पास सुविधा 22
11. पाठ्यक्रम 22
12. हिंदी में अनिवार्य परीक्षा 23
13. नोडल अधिकारियों की सूची 24-25

# 1. महत्वपूर्ण समय

**एनसीडब्ल्यूईबी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र** 2025-26

| कार्य योजना/प्रक्रिया | | तिथि |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन पंजीकरण** | | |
| **प्रथम प्रवेश कट-ऑफ** | अधिसूचना | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| | प्रथम कट-ऑफ के शुल्क भुगतान का अंतिम दिन | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| **द्वितीय प्रवेश कट-ऑफ** | अधिसूचना | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| | द्वितीय कट-ऑफ के शुल्क भुगतान का अंतिम दिन | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| **तृतीय प्रवेश कट-ऑफ** | अधिसूचना | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| | तृतीय कट-ऑफ के शुल्क भुगतान का अंतिम दिन | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| **चतुर्थ प्रवेश कट-ऑफ** | अधिसूचना | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| | चतुर्थ कट-ऑफ के शुल्क भुगतान का अंतिम दिन | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| **पंचम प्रवेश कट-ऑफ** | अधिसूचना | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |
| | पंचम कट-ऑफ के शुल्क भुगतान का अंतिम दिन | तिथि बाद में घोषित की जाएगी |

**नोट:-**

- यदि उक्त प्रवेश प्रक्रिया के बाद भी रिक्त पदों की स्थिति उत्पन्न होती है तो विश्वविद्यालय द्वारा और कटऑफ लिस्ट जारी की जा सकती है। इसके बाद भी अगर आवश्यक हुआ तो विश्वविद्यालय द्वारा रिक्त स्थानों को भरने के लिए आरक्षण के नियम लागू नहीं होंगे।
- सूची को एनसीडब्ल्यूईबी की वेबसाइट - www.ncweb.du.ac.in पर जारी किया जाएगा।

- **प्रवेश प्रक्रिया पूर्णता ऑनलाइन मोड से होगी, प्रवेश के लिए छात्राओं को अपने डैशबोर्ड से इस लिंक https://ncwebadmission.uod.ac.in का प्रयोग करते हुए प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा।**
- **प्रवेश सूचना एवं शिकायतों के संदर्भ में प्रत्येक कॉलेज केंद्र से संपर्क करने के लिए ईमेल और फोन नंबर को बोर्ड की वेबसाइट पर केंद्रों की पहली कटऑफ सूची से पहले जारी किया जाएगा।**

## 2. आवश्यक दस्तावेजों की सूची



1.**दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र: दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र (अंक-तालिका या उत्तीर्णता प्रमाण पत्र) जिसमें जन्म तिथि और माता-पिता का नाम* सम्मिलित हो। (*एससी / एसटी / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस / सीडब्ल्यू / केएम श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले आवेदकों के नाम उन नामों के साथ निश्चित रूप से मेल खाने चाहिए, जो सम्बंधित आरक्षण प्रमाण-पत्र पर दर्ज हों, इसी तरह उनके माता-पिता का नाम भी प्रमाण-पत्रों की सभी प्रतियों पर एक समान होना चाहिए।)**

2.**कक्षा बारहवीं की अंक तालिका (मान्यता प्राप्त बोर्ड से)** ।

3.**एससी/एसटी प्रमाण-पत्र:** एससी/एसटी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए निम्नलिखित अधिकारी सक्षम है। **क.** जिला मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/ जिला कलेक्टर/ उपायुक्त/ अतिरिक्त उपायुक्त/ प्रथम श्रेणी वजीफा मजिस्ट्रेट/ सिटी मजिस्ट्रेट/ उपखंड मजिस्ट्रेट/ तालुका मजिस्ट्रेट/ कार्यकारी मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक उपायुक्त। **ख.** मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट। **ग.** राजस्व अधिकारी जो पदानुक्रम में तहसीलदार के पद के समकक्ष हो। **घ.** उस क्षेत्र का उप-मंडल जहाँ आवेदक और या निवास/उसका परिवार सामान्य रूप से निवास करता है। **ङ.** लक्षद्वीप समूह के एससी/एसटी आवेदक को ध्यान रखना चाहिए की प्रशासक/प्रशासक अधिकारी के सचिव/विकास अधिकारी/ किसी अन्य अधिकारी के द्वारा जारी वह प्रमाण-पत्र मान्य होगा। जो भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध अनुसूचित जाति(एससी)/अनुसूचित जनजाति(एसटी) से संबंधित हो तथा राज्य या केंद्र शासित प्रदेश द्वारा जारी किया गया हो। इसके लिए अनिवार्य है- **क**. आवेदक अनुसूचित जाति/जनजाति से हो। **ख.** आवेदक एससी/एसटी समुदाय से हो। **ग.** आवेदक उस जिले राज्य केंद्र शासित प्रदेश का निवासी हो। **घ.**यदि ऑनलाइन पंजीकरण के समय आवेदक के पास एससी/एसटी का प्रमाण-पत्र नहीं है, इस स्थिति में आवेदक भारत सरकार द्वारा जारी एससी/एसटी जाति/जनजाति से संबंधित प्रमाण-पत्र की पावती पर्ची के साथ पंजीकरण कर सकता है। प्रवेश (एडमिशन) के समय सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।


4. **अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र** (नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी)**:** जो आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आवेदन करते हैं। उनके लिए आवश्यक है कि वे भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत उस जाति से संबंधित है जो केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती है तथा आवश्यक है कि वे नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी से है। नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी से आने वाले केवल उन्हीं आवेदकों को ही पात्र माना जाएगा। जो केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के ज्ञापन संख्या 36036/2/2013-Estt.(Res-1) दिनांक 31 मार्च 2016 के अनुसार तय है। अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित नॉन क्रीमीलेयर प्रमाण-पत्र वित्तीय-वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद जारी हुआ हो।

5.**ई.डब्ल्यू.एस:** दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस ) के लिए (संदर्भ संख्या Aca. I / Reservation of EWSs /2019/63 दिनाँक 28 मार्च 2019 और संदर्भ संख्या Aca. I / Reservation of EWSs / 2019 / 101 दिनाँक 15 मई 2019 के तहत विभागों/महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय द्वारा सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित रहेगी। वर्ष 2025-2026 के लिए इस श्रेणी में आवेदन करने वालों के लिए आवश्यक है की आवेदक दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दस्तावेज हो। जो

निर्देशानुसार प्रारूप Appendix V of BOI के तहत मान्य हो। आय प्रमाण-पत्र वित्तीय-वर्ष 2025-26 के लिए हो, जो 1 अप्रैल 2025 को या उसके बाद जारी किया गया हो।

6.**पीडब्लूबीडी (PwBD)**: दिव्यांग आवेदकों के लिए, दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016, के प्रावधानों के तहत बेंच मार्क दिव्यंगों के लिए कम से कम पांच प्रतिशत सीटें आरक्षित है। बेंच मार्क दिव्यांगता का तात्पर्य एक ऐसे व्यक्ति से है जिसमें निर्दिष्ट दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं है; जहाँ निर्दिष्ट दिव्यांगता मापनीय पदों में परिभाषित नहीं किया जा सकता है। तथा एक दिव्यांग व्यक्ति जहाँ निर्दिष्ट दिव्यंगता को प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्र में मापनीय पद में परिभाषित किया गया है।

7.**दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निवास का प्रमाण-पत्र ( उम्मीदवार के नाम से जारी आधारकार्ड / मतदाता पहचान-पत्र / पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस / राशनकार्ड (आवेदक के नाम सहित)।**



## 3. एनसीडब्ल्यूईबी में प्रवेश पाठ्यक्रम

1. **बी.ए. (प्रोग्राम)**
2. **बी.कॉम.**

## एनसीडब्ल्यूईबी स्नातक मेरिट आधारित प्रवेश प्रक्रिया

### प्रथम चरण: स्नातक पोर्टल पर पंजीकरण

आवेदक अपना व्यक्तिगत उपयोगकर्ता नाम (यूजरनेम) और पासवर्ड बनाने के लिए **एनसीडब्ल्यूईबी दिल्ली विश्वविद्यालय यूजी पोर्टल** का उपयोग कर, अपना पंजीकरण पत्र भरें अपने रुचि के प्रोग्राम का चयन करें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन फॉर्म भरते समय अत्यधिक सावधानी बरतें क्योंकि फॉर्म के जमा हो जाने के बाद अधिकतम सूचनाओं को सही करने व संपादित करने (एडिट करने) की अनुमति नहीं होगी।

1. स्नातक प्रोग्राम में प्रवेश के इच्छुक सभी आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण लिंक: https://ncwebadmission.uod.ac.in
2. किसी, प्रथम बार प्रयोग करता को स्नातक प्रवेश पोर्टल (**एनसीडब्ल्यूईबी दिल्ली विश्वविद्यालय यूजी पोर्टल**) तक पहुँच प्राप्त करने हेतु एक वैध ईमेल आईडी के साथ पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। (पोर्टल पर एक बार पंजीकृत ईमेल आईडी को दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए किसी अन्य पंजीकरण के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता)।
3. जिन आवेदकों के पास वैध ईमेल आईडी नहीं है वह प्रक्रिया शुरू करने से पहले वैध ईमेल आईडी बनाएँ। (अपना ईमेल आईडी और पासवर्ड सुरक्षित रखें)
4. आवेदक को अपनी ईमेल आईडी आसान रखनी चाहिए क्योंकि पोर्टल पर अकाउंट तक पहुँच बनाने के लिए आवश्यक होगी तथा भविष्य में भी प्रवेश प्रक्रिया के दौरान व उसके बाद भी पत्राचार के लिए आवश्यक होगी। (अपना ईमेल आईडी और पासवर्ड सुरक्षित रखें)
5. आवेदक, सभी एनसीडब्ल्यूईबी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के पात्र होंगी।
6. यदि वे चुने गए पाठ्यक्रम की पात्रता शर्त व कॉलेजों द्वारा निर्धारित कटऑफ की पात्रता को पूर्ण करते हैं।
7. दस्तावेजों को अपलोड करने में अधिकतम सावधानी बरतें। आवेदकों को उन प्रमाण-पत्रों की स्कैन की हुई प्रतिलिपि की आवश्यकता होगी, जिनके आधार पर भी प्रवेश का दावा करते हैं-

   क) कक्षा 10 प्रमाण-पत्र
   ख) कक्षा 12 प्रमाण-पत्र
   ग) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया आरक्षण प्रमाण-पत्र
   घ) फोटो पहचान-पत्र (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट या विद्यालय पहचान पत्र,कोई भी सरकारी पहचान प्रमाण)
   ण.) **आवासीय पता (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली ) : आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट या राशन कार्ड (आवेदक का नाम और फोटो सहित प्रमाण मान्य होगा।)**
8. आवेदक अपलोड की गयी संपूर्ण सूचनाओं, प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपि के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

आवेदक अपलोड की गई फाइलों की प्रमाणिकता व गुणवत्ता (क्वालिटी) के लिए भी जिम्मेदार होंगे। आवेदक अपलोड किए दस्तावेजों तथा अपने फॉर्म का प्रीव्यू देख सकेंगे। आवेदक को प्रवेश प्रक्रिया के रद्द होने से बचाव के लिए प्रवेश प्रक्रिया में अत्यंत सावधानी रखने का सुझाव दिया जाता है। अपने पंजीकरण के समय प्रयोग हुए ई मेल, पासवर्ड और फ़ोन नंबर को सहज कर रखें।

### द्वितीय चरण: पंजीकरण शुल्क का भुगतान

पंजीकरण फॉर्म को केवल ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क जमा होने के बाद ही भरा हुआ माना जाएगा। शुल्क केवल आवेदक की डैशबोर्ड पर दिए गए लिंक के माध्यम से ही भरा जाना चाहिए। पंजीकरण शुल्क के भुगतान के लिए डैशबोर्ड पर दिए गए लिंक के अलावा आवेदक के लिए कोई दूसरा विकल्प उपलब्ध नहीं है। आवेदक को ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क सफलतापूर्वक भरने के बाद भुगतान की ट्रांजेक्शन आईडी, क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ नेट बैंकिंग तथा ट्रांजेक्शन तिथि को भविष्य के लिए एक प्रमाण (सबूत) के रूप में रखने की सलाह दी जाती है। अंतिम समय की परेशानी से बचने के लिए आवेदन को अंतिम तिथि से पहले प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करने की सलाह दी जाती है।

कटऑफ संबंधित दिशा निर्देश तथा प्रवेश संबंधी अन्य जानकारियों के लिए नियमित तौर पर **दिल्ली विश्वविद्यालय** और **एनसीडब्ल्यूईबी** वेबसाइट

(www.admission.uod.ac.in और www.ncweb.du.ac.in) को देखें।

**नोट:** पंजीकरण हेतु प्रस्तुत:- **https://ncwebadmission.uod.ac.in** लिंक का प्रयोग करें।

## 4. स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट आधारित स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अर्हता परीक्षा, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा बारहवीं) या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा होगी। जो आवेदक दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक हैं उन्हें, प्रत्येक प्रोग्राम के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम प्राप्तांक के साथ अर्हता परीक्षाओं का पास होना अनिवार्य है।

**नोट:** दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार योग्यता वरीयता क्रम (Merit) का निर्धारण एक भाषा विषय और तीन सर्वश्रेष्ठ चयनित विषयों के आधार पर किया जाएगा।

### विषयों की सूची

| भाषा विषयों की सूची | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूची क1 | | | | | सूची क2 |
| असमिया मुख्य/ असमिया वैकल्पिक | गुजराती मुख्य/ गुजराती वैकल्पिक | मैथिली मुख्य / मैथिली वैकल्पिक | ओडिया मुख्य/ ओडिया वैकल्पिक | तमिल मुख्य/ तमिल वैकल्पिक | अरबी मुख्य / अरबी वैकल्पिक |
| बंगाली मुख्य / बंगाली वैकल्पिक | हिंदी मुख्य/ हिन्दी वैकल्पिक | मलयालम मुख्य/ मलयालम वैकल्पिक | पंजाबी मुख्य/ पंजाबी वैकल्पिक | तेलुगु मुख्य/ तेलुगु वैकल्पिक | फ्रेंच मुख्य / फ्रेंच वैकल्पिक |
| बोडो मुख्य / बोडो वैकल्पिक | कन्नड़ मुख्य / कन्नड़ वैकल्पिक | मणिपुरी मुख्य / मणिपुरी वैकल्पिक | संस्कृत मुख्य / संस्कृत वैकल्पिक | उर्दू मुख्य/ उर्दू वैकल्पिक | जर्मन मुख्य / जर्मन वैकल्पिक |
| डोगरी मुख्य / डोगरी वैकल्पिक | कश्मीरी मुख्य / कश्मीरी वैकल्पिक | मराठी मुख्य / मराठी वैकल्पिक | संथाली मुख्य / संथाली वैकल्पिक | | इटैलियन मुख्य / वैकल्पिक |
| अंग्रेजी मुख्य / अंग्रेजी वैकल्पिक | कोंकणी मुख्य / कोंकणी वैकल्पिक | नेपाली मुख्य / नेपाली वैकल्पिक | सिंधी मुख्य / सिंधी वैकल्पिक | | पर्शियन मुख्य / पर्शियन वैकल्पिक |
| | | | | | स्पेनिश मुख्य / स्पेनिश वैकल्पिक |

| सूची ख (वैकल्पिक विषय) | | |
|---|---|---|
| लेखाशास्त्र (अकाउंटेन्सी) | कंप्यूटर विज्ञान (कंप्यूटर साइंस)/ कंप्यूटर अनुप्रयोग (कंप्यूटर एप्लीकेशन) / प्रारूप प्रैक्टिस (इन्फॉर्मेटिव प्रैक्टिस) | गणित (मैथ्स) |
| नृविज्ञान (एंथ्रोपोलॉजी) | अर्थशास्त्र (इकोनॉमिक्स) | दर्शनशास्त्र (फिलोसोफी / तर्क और दर्शनशास्त्र (लॉजिकल फिलोसोफी) |
| जीवविज्ञान (बायोलॉजी) / जीवरसायन (बायोकैमिस्ट्री) / जैवप्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) | भूगोल (ज्योग्राफी) | भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) |
| व्यापार गणित (बिजनेस मैथमैटिक्स) | भूगर्भशास्त्र (जियोलॉजी) | राजनीति विज्ञान (पॉलिटिकल साइंस) |
| रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) | इतिहास (हिस्ट्री) | मनोविज्ञान (साइकोलॉजी) |
| नागरिकशास्त्र (सिविक्स) | गृह विज्ञान (होमसाइंस) | समाजशास्त्र (सोशियोलॉजी) |
| वाणिज्य (कॉमर्स) / व्यवसायिक अध्ययन (बिजनेस स्टडीज) | विधिक अध्ययन (लीगल स्टडीज) | सांख्यिकी (स्टेटिस्टिक्स) |

| | |
|---|---|
| **बी.ए.प्रोग्राम (डिसिप्लीन विषय संयोजन आधारित प्रवेश)** | • अर्हक परीक्षा में कुल 40% अंक।<br>• मेरिट एक भाषा (मुख्य/ वैकल्पिक/ कार्यात्मक) और तीन सर्वश्रेष्ठ अकादमिक/वैकल्पिक विषयों के आधार पर निर्धारित की जाएगी जैसा कि सूची 'ए' और सूची 'बी' में ऊपर निर्दिष्ट किया गया है।<br>• एक गैर सूचीबद्ध (विषय सूची ए और बी में वैकल्पिक विषयों के अतिरिक्त) को बिना कटौती के "श्रेष्ठ चार'(बेस्ट फोर)" की गणना में शामिल किया जा सकता है।<br>• यदि "श्रेष्ठ चार (बेस्ट फोर) की गणना हेतु एक से अधिक गैर-सूचीबद्ध विषय शामिल किए गए हैं तो "श्रेष्ठ चार (बेस्ट फोर)" में 2.5% की कटौती की जा सकती है। |
| **बी.कॉम.** | • अर्हक परीक्षा में कुल 40% अंक।<br>• अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर चयन किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित के अनुसार एक भाषा और तीन सर्वश्रेष्ठ विकल्प शामिल है:<br>• अंग्रेजी /हिंदी में कुल 40% अथवा इससे अधिक तथा निम्नलिखित विषयों में से सर्वश्रेष्ठ तीन विषयों का संयोजन: गणित, लेखा, अर्थशास्त्र और व्यावसायिक अध्ययन (बिजनेस स्टडीज)/ वाणिज्य।<br>• सर्वश्रेष्ठ तीन के संयोजन वाली उपर्युक्त लिखित सूची 'बी' से अतिरिक्त किसी अन्य विषय को शामिल करने पर कुल योग से प्रति विषय की 1% की कटौती होगी।<br>• सर्वश्रेष्ठ तीन के संयोजन वाली उपर्युक्त लिखित सूची 'ए' एवं 'बी' अतिरिक्त किसी अन्य को शामिल करने पर सर्वश्रेष्ठ चार के कुल योग से प्रति विषय 2.5 % की कटौती होगी। |

## 5. एनसीडब्ल्यूईबी शिक्षण केंद्रों के पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या और विषयों का संयोजन

| क्रम संख्या | शिक्षण केंद्र | बी.कॉम. | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.कॉम. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सीटों की संख्या | सीटों की संख्या | (विषय / युग्म)# | (विषय / युग्म)# |
| 1 | **अदिति महाविद्यालय**<br>दिल्ली औचंदी रोड, बवाना, नई दिल्ली - 110039 | 230 | 355 | अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 2 | **आर्यभट्ट कॉलेज***<br>बेनिटो जुआरेज मार्ग, आनंद निकेतन,<br>नई दिल्ली -110021 | 230 | 355 | अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 3 | **भागिनी निवेदिता कॉलेज**<br>कैर, नजफगढ़ के पास,<br>नई दिल्ली -110043 | 230 | 355 | अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 4 | **भारती कॉलेज**<br>सी-4, जनकपुरी<br>नई दिल्ली -110058 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र + संस्कृत<br>इतिहास + संस्कृत | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल (भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 5 | **कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज***<br>शेखसराय, त्रिवेणी, फेज़-II,<br>नई दिल्ली -110017 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र + राजनीति विज्ञान<br>इतिहास + राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+ एम.आई.एल (भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |

| क्रम संख्या | शिक्षण केंद्र | बी.कॉम. | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.कॉम. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सीटों की संख्या | सीटों की संख्या | (विषय / युग्म) # | (विषय / युग्म) # |
| 6 | **दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज***<br>एन,एस,आई.टी. के सामने, फेज़ 1, सेक्टर -3 द्वारका, नई दिल्ली, दिल्ली-110078 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 7 | **डॉ.बी.आर. अंबेडकर कॉलेज**<br>वज़ीराबाद रोड, यमुना विहार,<br>दिल्ली - 110094 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>अर्थशास्त्र + राजनीति विज्ञान इतिहास + राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 8 | **हंसराज कॉलेज***<br>मलकागंज<br>दिल्ली -110007 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 9 | **जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज**<br>सर गंगा राम अस्पताल रोड<br>नई दिल्ली -110060 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 10 | **देशबंधु कॉलेज***<br>ब्लाक- एच, कालकाजी,<br>नई दिल्ली -110019 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |

| क्रम संख्या | शिक्षण केंद्र | बी.कॉम. सीटों की संख्या | बी.ए(प्रोग्राम) सीटों की संख्या | बी.ए(प्रोग्राम) (विषय / युग्म) # | बी.कॉम. (विषय / युग्म) # |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | **कालिंदी कॉलेज**<br>ईस्ट पटेल नगर<br>नई दिल्ली -110008 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+ राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र + संस्कृत<br>इतिहास + संस्कृत<br>राजनीति विज्ञान + संस्कृत | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 12 | **केशव महाविद्यालय***<br>H-4-5 क्षेत्र, पीतमपुरा,<br>नई दिल्ली -110034 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र + राजनीति विज्ञान<br>इतिहास + राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 13 | **लक्ष्मीबाई कॉलेज**<br>अशोक विहार, चरण- III<br>दिल्ली -110052 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र + संस्कृत<br>इतिहास + संस्कृत<br>राजनीति विज्ञान + संस्कृत | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 14 | **महाराजा अग्रसेन कॉलेज**<br>वसुंधरा एन्क्लेव<br>दिल्ली 110096 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+ राजनीति विज्ञान<br>राजनीति विज्ञान + ओएमएसपी | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 15 | **मैत्रेयी कॉलेज**<br>बापू धाम, चाणक्यपुरी<br>नई दिल्ली -110021 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास + राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |

| क्रम संख्या | शिक्षण केंद्र | बी.कॉम. | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.कॉम. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सीटों की संख्या | सीटों की संख्या | (विषय / युग्म) # | (विषय / युग्म) # |
| 16 | **माता सुंदरी फॉर वूमेन**<br>मातासुंदरी लेन<br>(मौलाना आजाद<br>मेडिकल कॉलेज के पीछे)<br>नई दिल्ली -110002 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति<br>विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र+पंजाबी<br>इतिहास+पंजाबी<br>राजनीतिक<br>विज्ञान+पंजाबी | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और<br>प्रबंधन |
| 17 | **मिरांडा हाउस**<br>दिल्ली विश्वविद्यालय,<br>दिल्ली- 110007 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति<br>विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और<br>प्रबंधन |
| 18 | **मोती लाल नेहरू कॉलेज**<br>साउथ कैंपस, बेनिटो<br>जुआरेज़<br>रोड, नई दिल्ली-110021 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति<br>विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और<br>प्रबंधन |
| 19 | **पी.जी.डी.ए. वी. कॉलेज**<br>नेहरू नगर, रिंग रोड,<br>नई दिल्ली- 110065 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास +राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और<br>प्रबंधन |
| 20 | **राजधानी कॉलेज**<br>महात्मा गांधी मार्ग, राजा<br>गार्डन, नई दिल्ली -<br>110015 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास +राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और<br>प्रबंधन |
| 21 | **रामानुजन कॉलेज***<br>कालका जी, देशबंधु<br>कॉलेज के निकट, नई<br>दिल्ली -110019 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और<br>प्रबंधन |

| क्रम संख्या | शिक्षण केंद्र | बी.कॉम. सीटों की संख्या | बी.ए(प्रोग्राम) सीटों की संख्या | बी.ए(प्रोग्राम) (विषय / युग्म) # | बी.कॉम. (विषय / युग्म) # |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | **सत्यवती कॉलेज (सांध्य)**<br>अशोक विहार, चरण- III, दिल्ली-110052 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल(भाषा)<br>वित्तीय लेखांकन<br>व्यापार संगठन और प्रबंधन |
| 23 | **श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज***<br>पंजाबी बाग (पश्चिम) नई दिल्ली - 110026 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी + एम.आई.एल (भाषा) अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र+ ओएमएसपी<br>इतिहास + ओएमएसपी<br>राजनीति विज्ञान + ओएमएसपी | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा),<br>वित्तीय लेखन,<br>व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन |
| 24 | **श्री अरबिंदो कॉलेज**<br>शिवालिक, मालवीय नगर नई दिल्ली - 110017 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी +<br>एम.आई.एल (भाषा)<br>अर्थशास्त्र + राजनीति विज्ञान<br>इतिहास + राजनीति विज्ञान | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा), वित्तीय लेखन, व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन |
| 25 | **श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स**<br>पीतमपुरा, दिल्ली - 110034 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी + एम.आई.एल (भाषा) अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र + गणित | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा),<br>वित्तीय लेखन,<br>व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन |
| 26 | **विवेकानंद कॉलेज**<br>विवेक विहार<br>दिल्ली - 110095 | 230 | 355 | ए.ई.सी.सी + एम.आई.एल (भाषा) अर्थशास्त्र+राजनीति विज्ञान<br>इतिहास+राजनीति विज्ञान<br>अर्थशास्त्र + संस्कृत<br>इतिहास + संस्कृत<br>राजनीति विज्ञान + संस्कृत | ए.ई.सी.सी+<br>एम.आई.एल (भाषा),<br>वित्तीय लेखन,<br>व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन |

*** इन केंद्रों पर कक्षाएँ शनिवार और शैक्षणिक अवकाशों पर तथा अन्य सभी केंद्रों पर कक्षाएँ रविवार और अकादमिक अवकाशों पर आयोजित की जाती हैं।**

**# विषय संयोजन के साथ; प्रवेशित आवेदक AECC/SEC/VAC/GE का अध्ययन दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित यू.जी.सी.-नई शिक्षा नीति 2022 के अनुसार करेगा।**

**# चयनित SAC/VAC/AECC की कक्षाएँ निर्धारित क्लस्टर शिक्षण केंद्र के अनुसार ही विषय का चयन होगी।**

## 6. शुल्क संरचना (Fee Structure)

वह सभी प्रतिभागी, जो बी.ए.(प्रोग्राम)/बी.कॉम.में प्रवेश चाहते हैं उन्हें प्रवेश के समय शुल्क भुगतान करना होगा।

| क्र. संख्या | विवरण | बी.ए(प्रोग्राम) | बी.कॉम. |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्यूशन फीस | 0 | 0 |
| 2 | विश्वविद्यालय छात्र कल्याण कोष | 250 | 250 |
| 3 | संकाय/विभाग/केंद्र/कॉलेज छात्र कल्याण निधि (20%) | 850 | 848 |
| 4 | विश्वविद्यालय विकास निधि | 1500 | 1500 |
| 5 | विश्वविद्यालय सुविधाएं और सेवा शुल्क | 1500 | 1500 |
| 6 | संकाय/विभाग/केंद्र/कॉलेज सुविधाएं और सेवा शुल्क (80%) | 3737 | 3739 |
| 7 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सहायता विश्वविद्यालय निधि | 250 | 250 |
| 8 | दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) फंड | 0 | 0 |
| | Total | 8087 | 8087 |

**नोट: सत्र 2025-26 के लिए** शुल्क संरचना **, जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से भिन्न हो सकती है**

### 6.1 शुल्क वापसी

प्रवेश को रद्द किये जाने के मामले में, प्रवेश शुल्क की वापसी विश्वविद्यालय के नियमानुसार की जाएगी।



## 7. छात्राओं के लिए दिशा-निर्देश

1. दिल्ली विश्वविद्यालय के ई.सी. के संकल्प के अनुसार नॉन-कॉलेजिएट छात्राओं के लिए शैक्षणिक सत्र 2006-2007 से बी.ए.(प्रोग्राम) और बी.कॉम. पाठ्यक्रमों को लागू किया गया है; और दिल्ली विश्वविद्यालय के ए.सी. के दिनांक 24/04/1997 के संकल्प-40 के अनुसार, विश्वविद्यालय के किसी भी विद्यार्थी को दिल्ली विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय से एक साथ दो डिग्री को जारी रखने की अनुमति नहीं है। हालांकि, विश्वविद्यालय के विभागों / केंद्रों / सभी कॉलेजों द्वारा प्रस्तावित अंशकालिक डिप्लोमा / सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।*

2. एनसीडब्ल्यूईबी द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों और विभिन्न शिक्षण केंद्रों के नाम और स्थान की जानकारी के लिए कृपया दिल्ली विश्वविद्यालय या बोर्ड की वेबसाइट www.du.ac.in या www.ncweb.du.ac.in देखें।

3. बोर्ड में नामांकन के बाद; सभी पत्राचार; आबंटित केंद्र के प्रभारी शिक्षक के माध्यम से; निदेशक/उपनिदेशक, एनसीडब्ल्यूईबी को संबोधित करते हुए किया जाना चाहिए।

4. सभी पत्राचार में छात्रा के संपर्क विवरण, जैसे फोन, ई-मेल और डाक पते के साथ उसकी नामांकन संख्या निश्चित रूप से दर्ज होनी चाहिए। यदि छात्रा के आवासीय पते में कोई बदलाव हुआ है, तो उसे कार्यालय रिकॉर्ड में आवश्यक परिवर्तन के लिए निदेशक/उप निदेशक, एनसीडब्ल्यूईबी को अपने शिक्षण केंद्र के माध्यम से लिखित रूप में सूचित करना चाहिए।

5. आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने समय से शिक्षण केंद्र/बोर्ड कार्यालय में परीक्षा फॉर्म भरा है, इसके बिना उन्हें विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश शुल्क की रसीद और परीक्षा फॉर्म की पावती को सुरक्षित रखें। परीक्षा फॉर्म जमा करते समय, विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने विश्वविद्यालय का पहचान पत्र और संदर्भ के लिए अंतिम विश्वविद्यालय परीक्षा की अंक तालिका साथ लाएं।

7. छात्राओं को अनिवार्य रूप से इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि परीक्षा शुल्क / वार्षिक शुल्क, प्रवेश पत्र (रोल नंबर)/ परीक्षा कार्यक्रम पत्र (डेट शीट) / अंक पत्र / डिग्री प्रमाण-पत्र आदि का संग्रह करने के लिए या किसी भी अन्य आवश्यक जानकारी को प्राप्त करने के लिए; व्यक्तिगत रूप से बोर्ड के कार्यालय के साथ संपर्क करना; पूरी तरह से उनकी ही जिम्मेदारी होगी।

8. बी.ए. (प्रोग्राम)/बी.कॉम. की परीक्षाएँ दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, परीक्षा द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाती हैं।

9. एक छात्रा को अपने पहले घोषित परिणाम के आधार पर निर्धारित तिथि के भीतर अपनी फीस का भुगतान करना होगा और परीक्षा फॉर्म भरना होगा। पुनर्मूल्यांकन के मामले में, जो छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें; परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जितनी जल्दी हो सके अपना फॉर्म भरकर, परीक्षा परिणाम घोषित होने के भीतर आवश्यक शुल्क का भुगतान करते हुए; परीक्षा शाखा में जमा करना होगा।

10. बी.ए.(प्रोग्राम)/बी.कॉम.के लिए नामांकन कराने वाली छात्राओं को अपने पहले नामांकन के पांच साल के भीतर पाठ्यक्रम पूरा करना आवश्यक होगा।

11. विश्वविद्यालय के समय-समय पर घोषित होने वाले नियमों के अनुसार असफल छात्राओं को अपनी फीस जमा करनी होती है।

***राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार परिवर्तनीय।**

## 8. उपस्थिति

- छात्राओं को सत्रारम्भ के प्रथम दिवस से ही कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य है। उपस्थिति की गणना परिणाम घोषित होने के उपरांत पहले दिन से की जाएगी।
- कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य है। छात्राओं को न्यूनतम 67% उपस्थिति दर्ज करनी होती है; अन्यथा उन्हें परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र (रोल नंबर) से वंचित किया जा सकता है।
- जो छात्राएँ नौकरी कर रही हैं, उन्हें उपस्थिति में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।
- छात्राओं को अपनी उपस्थिति के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए। यदि उनका नाम शिक्षक के रजिस्टर में नहीं है, तो उन्हें शिक्षण केंद्र के प्रभारी शिक्षक या प्रथम सहायक को रिपोर्ट करना चाहिए और केंद्र के कार्यालय द्वारा जारी एक लिखित उद्घोषणा के माध्यम से अपना नाम रजिस्टर में जुड़वाना चाहिए।
- पाठ्यक्रम-इतर गतिविधियों ( ईसीए ) में भाग लेते समय छात्राओं को ध्यान रखना चाहिए कि कक्षाओं में उनकी अच्छी उपस्थिति रहे। इन गतिविधियों के लिए कुल उपस्थिति का अधिकतम 6% उपस्थिति दी जाएगी।
- किसी भी बीमारी से पीड़ित छात्रा को अपने चिकित्सा प्रमाण-पत्र के साथ डॉक्टर के द्वारा लिखे गये पर्चे को भी अपने पास रखना चाहिए और यदि उनसे कहा जाए तो ये दस्तावेज़ बोर्ड के पास लेकर जाना चाहिए।
- प्रथम और द्वितीय वर्ष की सभी अनुत्तीर्ण छात्राओं को पुन: प्रवेश के लिए; अपने परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद यानी परिणाम घोषित होने के 40 दिनों के भीतर बोर्ड से संपर्क करना चाहिए। उसके बाद प्रवेश के लिए किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
- जिन छात्राओं ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है, उन्हें भी, जब तक कि पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं हो जाता; तब तक घोषित परिणाम के आधार पर कक्षाओं में भाग लेना होगा।

## 9. छात्राओं को आर्थिक सहायता / किताबें उपलब्ध करवाने की सुविधा

बोर्ड जरूरतमंद और योग्य छात्राओं को 3000/- रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करता है। इन छात्राओं को बुक बैंक से पूरे सत्र के लिए प्रत्येक विषय की पाठ्य पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएगी। योग्य छात्राएँ, प्रवेश के तुरंत बाद; एनसीडब्ल्यूईबी वेबसाइट www.ncweb.du.ac.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र के माध्यम से आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करें। विधिवत भरा हुआ फॉर्म निर्धारित तिथि के भीतर केंद्र के प्रभारी-शिक्षक के पास जमा किया जाना चाहिए। वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि केंद्रों को सूचित की जाएगी।

## 10. डीटीसी बस पास की सुविधा

एनसीडब्ल्यूईबी की छात्राएँ सभी रूटों के लिए रियायती दर से सामान्य बस पास सुविधा का लाभ हासिल करने की हकदार हैं। उसके लिए आवेदन-पत्र को संबंधित शिक्षण केंद्रों पर प्रभारी शिक्षक द्वारा सत्यापित किया जाएगा।

## 11. पाठ्यक्रम

विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए कृपया इस लिंक का प्रयोग करे:
https://www.du.ac.in/index.php?page=nep-ugcf-2022-syllabi

## 12. हिंदी में अनिवार्य परीक्षा

यदि बी.ए. (प्रोग्राम)/बी.कॉम.परीक्षा के लिए नामांकित उम्मीदवारों के पास विषय के रूप में हिंदी नहीं है, तो उन्हें डिग्री प्राप्ति पात्रता हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित हिंदी में अनिवार्य परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। यह जाँच परीक्षा विश्वविद्यालय के अध्यादेश वी2ए के अनुसार हर साल सितंबर और मार्च में आयोजित की जाती है।

ऐसे उम्मीदवारों को इस परीक्षा से छूट दी जा सकती है, जो हिंदी में निम्नलिखित परीक्षाओं में से एक में उत्तीर्ण होने के दस्तावेजी प्रमाण को संलग्न करते हुए; निदेशक/ सहायक/ उप रजिस्ट्रार, नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड में आवेदन करेंगे-

1. दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अर्हता (क्वालीफाइंग) या प्रवेश परीक्षा।
2. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), दिल्ली द्वारा आयोजित उच्चतर माध्यमिक परीक्षा।
3. एक भारतीय विश्वविद्यालय की इंटरमीडिएट परीक्षा।
4. उपरोक्त (1), (2) और (3) के समकक्ष के रूप में मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा।
5. तत्कालीन किसी भी प्रभावी कानून द्वारा आयोजित की गयी भारतीय विश्वविद्यालय की प्राच्य उपाधि या डिप्लोमा परीक्षा।
6. मैट्रिक परीक्षा या कैम्ब्रिज सीनियर सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम में शामिल उच्च या निम्न हिंदी परीक्षा या मैट्रिक परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा।

   (i) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा विज्ञान समूह के छात्रों के लिए आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा के IX वर्ग के अंत में निर्धारित हिंदी परीक्षा।

   (ii) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा नवंबर, 1953 से उच्च/ उच्च माध्यमिक और उच्च माध्यमिक तकनीकी परीक्षा के लिए आयोजित पूरक हिंदी (अनिवार्य) जाँच परीक्षा।

**नोट:** हिंदी में अनिवार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवार द्वारा कार्यालय से प्राप्त अलग आवेदन पत्र भरना आवश्यक है।

**List of Nodal Officer for UG Admission 2025-26:-**

| NON-COLLEGIATE WOMEN'S EDUCATION BOARD UNIVERISTY OF DELHI | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **Name of Teaching Centre** | **Name of Nodal Officer** | **E-mail Id** | **Mobile No.** |
| 1 | ADITI MAHAVIDYALAYA | MS. SUSHMA | sushma@aditi.du.ac.in | 9899144667 |
| 2 | ARYABHATTA COLLEGE | DR. KRISHNA MURARI | ncweb@aryabhattacollege.ac.in | 8595747648 |
| 3 | BHAGINI NIVEDITA COLLEGE | DR. NAGENDRA | ncweb@bn.du.ac.in | 9868342331 |
| | | MS. ANURADHA YADAV | anuangel0255@gmail.com | 9899837373 |
| 4 | BHARATI COLLEGE | DR. MADHURI SHARMA | madhuri.sharma@bharati.du.ac.in | 9891317862 |
| | | DR. ABHISHEK PUNEET | abhishek.puneet@bharati.du.ac.in | 9818526490 |
| 5 | COLLEGE OF VOCATIONAL STUDIES | DR. ANURAG AGNIHOTRI | anurag.agnihotri@cvs.du.ac.in | 9310155599 |
| 6 | DEEN DYAL UPADHYAYA COLLEGE | DR. SUNIL KUMAR | dducncweb@gmail.com | 011-41805580 |
| 7 | DR. B.R. AMBEDKAR COLLEGE | DR. DHANANJAY KUMAR | dkkharwar@yahoo.co.in | 9650881793 |
| 8 | HANSARAJ COLLEGE | MS. DEEPSHIKHA YADAV | ncweb@hrc.du.ac.in | 9999943020 |
| 9 | JANKI DEVI MEMORIAL COLLEGE | DR. SUDNYA N KULKARNI | jdmncweb@jdm.du.ac.in | 9958416756 |
| 10 | DESHBANDHU COLLEGE | PROF. AJAY PRATAP SINGH GAHLOT | apsgahlot@db.du.ac.in | 9212714299 |
| 11 | KALINDI COLLEGE | DR. SUDHA PANDEY | sudhapandey@kalindi.du.ac.in | 9891665935 |
| 12 | KESHAV MAHAVIDYALAYA | DR. SUMIT KUMAR AGARWAL | sumit.agarwal@keshav.du.ac.in | 9654252340 |
| 13 | LAKSHMI BAI COLLEGE | DR. MUKESH KUMAR MAHATO | mukeshkumarmahato@lb.du.ac.in | 9334234722 |
| 14 | MAHARAJA AGRASEN COLLEGE | MS. PUNEETA AGARWAL | ncwebmac@mac.du.ac.in | 9310479983 |
| 15 | MAITREYI COLLEGE | DR. DHARMENDER KUMAR | dkumar@maitreyi.du.ac.in | 9560828509 |
| 16 | MATA SUNDRI COLLEGE FOR WOMEN | PROF.LALITA MEENA | matasundricollegencweb64@gmail.com | 8750243393 9773912521 |
| 17 | MIRANDA HOUSE | DR. SONALI CHITALKAR | sonali.chitalkar@mirandahouse.ac.in | 8800336487 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | MOTI LAL NEHRU COLLEGE | DR. PADMA NEGI | negi.padma@mln.du.ac.in | 9868018807 |
| 19 | P.G.D.A.V COLLEGE | MR. SANDEEP SINGH GUSAIN | pgdavcollege.ncweb@pgdav.du.ac.in | 7011068228 |
| 20 | RAJDHANI COLLEGE | MRS. MOHINI AGGARWAL | ticncweb@rajdhani.du.ac.in | 9818769262 |
| 21 | RAMANUJAN COLLEGE | DR. ABHISHEK | rcncwebadmission@gmail.com | 9416298130 |
| 22 | SATYAWATI COLLEGE | DR. NIHARIKA SHARMA | ncweb@satyawatie.du.ac.in | 9210686867 |
| 23 | SHYAMA PRASAD MUKERJEE COLLEGE | DR. AMULYA KUMAR SAHOO | spmc_ncweb@spm.du.ac.in | 7290899746 |
| | | DR. ANURAG SINGH | anurag@spm.du.ac.in | 8285468788 |
| 24 | SRI AUROBINDO COLLEGE | DR. ANITA KUMARI | ncweb@aurobindo.du.ac.in | 9650504261 |
| 25 | SRI GURU GOBIND SINGH COLLEGE OF COMMERCE | MS AMANJOT KAUR | amanjotkaur@sggscc.ac.in | 98995 27783 |
| 26 | VIVEKANAND COLLEGE | DR. KAMINI TANEJA | kaminitaneja.80@gmail.com | 9868147101 |



# नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड



## ट्यूटोरियल बिल्डिंग, कला संकाय
## दिल्ली विश्वविद्यालय
## दिल्ली-110007

वेबसाइट: www.ncweb.du.ac.in

सहायता हेतु संपर्क सूत्र-: helpdesk_ugadmission@ncweb.du.ac.in